Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Need to declare special economic package for the farmers of Bundelkhand, Uttar Pradesh ravaged by drought and hail-storm -Laid.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, देश में पिछड़े क्षेत्रों के किसानों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने सिर्फ विदर्भ क्षेत्र एवं आसाम राज्य के लिए जो घोाणाएं की हैं, उसी तरह की घोाणाओं की आवश्यकता उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े बुंदेलखंड को भी है। लगातार चार वाा में सूखा, बाढ़, ओलावृटि, पाला आदि से किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। प्रदेश सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद यथोचित मदद की है लेकिन पिछले चार वाोंं के सूखा, बाढ़, ओलावृटि एवं पाले से हुए नुकसान को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से कई बार विशो पैकेज की मांग की गयी किंतु आज तक कोई सहायता नहीं दी गयी है। विकास की भावना को ध्यान में रखकर उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव की भावना को तुरंत खत्म करने की आवश्यकता है। 25.8.2006 तथा 11.12.2006 को सांसदों का प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में माननीय प्रधानमंत्री से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण हेतु आर्थिक पैकेज के लिए अनुरोध कर चुका है। इसके अतिरिक्त सदन के अंदर भी अनेक बार इस मामले को उठाया जा चुका है। अभी इस क्षेत्र को राज्य सरकार द्वारा सूखाग्रस्त घोाित किया गया है।

अतः सदन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र से मांगे गये बुंदेलखंड के लिए विशो पैकेज की घोाणा शीघ्र की जाए जिससे समय रहते किसानों को पर्याप्त राहत मिल सके ताकि आर्थिक तंगी एवं ऋणों के बोझ के कारण देश में किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का असर उत्तर प्रदेश के किसानों पर न पड़े तथा अपने परिवार का पालन पोाण ठीक से कर सकें।